राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस0यू0एल0एम0) उ0प्र0
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
7/23, सेक्टर–7, गोमती नगर विस्तार, निकट डायल 100, गोमती नगर, लखनऊ–226027
e-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org

पत्रांकः– 5262/241/NULM/तीन/2001(SUH)SLMC Vol-II दिनांक 22-11-2019

सेवा में,

1 समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला नगरीय विकास अभिकरण
उत्तर प्रदेश।

2 समस्त सी0पी0ओ0/परियोजना निदेशक
सी0एम0एम0यू0, डूडा
उत्तर प्रदेश।

विषयः– DAY-NULM के घटक "शहरी बेघरों हेतु आश्रय योजनान्तर्गत शहरी बेघरों का कराये गये थर्ड पार्टी सर्वेक्षण के आंकड़े सार्वजनिक किये जाने एवं चिन्हित स्थलों पर नियमित अभियान चलाकर शेल्टर होम में लाने के सम्बन्ध में।

महोदया/महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक उपसचिव, भारत सरकार आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के संलग्न अर्द्ध शा0 पत्र सं0– M-13/23/2017-UPA-1-SECTION-MHUPA(EFS-9026963) दिनांक 07.11.2019 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से विगत 2017–18 में शहरी बेघरों हेतु कराये गये बायोमैट्रिक थर्ड पार्टी सर्वेक्षण के माध्यम से चिन्हित शहरी बेघरों के आंकड़े सार्वजनिक किये जाने के साथ ही थर्ड पार्टी सर्वेक्षण में चिन्हित शहरी बेघरों के क्षेत्रों में नियमित अभियान का संचालन कराकर उन्हें नजदीकी शेल्टर होम में लाने की अपेक्षा की गयी है।

2. उल्लेखनीय है कि थर्ड पार्टी सर्वेक्षण के निकायवार विस्तृत सर्वेक्षण के आंकड़े पूर्व में ईमेल के माध्यम से अभिकरण मुख्यालय द्वारा सभी जनपदों को उपलब्ध कराये गये हैं, जो पुनः ईमेल के माध्यम से भेजा जा रहा है।

3. भारत सरकार द्वारा की गई अपेक्षा के अनुक्रम में यह आवश्यक है कि थर्ड पार्टी सर्वेक्षण के आंकड़े सार्वजनिक किये जाने हेतु जनपदों/नगर निकायों की वेबसाइट/नोटिस बोर्ड पर अपलोड/चस्पा कर 15 दिवसों में आपत्ति भी आमंत्रित की जाय तथा प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण कर कृत कार्यवाही की सूचना परियोजना निदेशक/सी0पी0ओ0 के माध्यम से इस कार्यालय को 15.12.2019 तक उपलब्ध करायी जाये।

4. थर्ड पार्टी सर्वेक्षण में पाये गये शहरी बेघरों को शेल्टर होम में लाना सुनिश्चित किया जाय। इसके लिए नियमित सप्ताह में 2–3 बार रात्रि में मोबिलाइजेशन अभियान का संचालन शेल्टर संचालक संस्थाओं, सी0एम0एम0यू0 डूडा एवं नगरीय निकायों की संयुक्त टीम के माध्यम से कराया जाय तथा सुचारू रूप से अभियान का तिथिवार अभिलेखीकरण किया जाय कि किन–किन क्षेत्रों में कितने संख्या में शहरी बेघरों को शेल्टर्स में लाया गया, High resolution फोटोग्राफ्स भी लिये जाय तथा सी0एम0एम0यू0 डूडा स्तर पर संरक्षित रखे जायें एवं उक्त फोटोग्राफ्स सूडा मुख्यालय को भी ई–मेल के माध्यम से उपलब्ध कराये जायें। अभियान के माध्यम से शेल्टर्स में आने वाले बेघरों का थर्ड पार्टी सर्वेक्षण के आंकड़ों से मिलान भी किया जाय ताकि नियमित अभियान के उपरान्त वास्तविक स्थिति परिलक्षित हो सके।

अतः आपसे अनुरोध है कि भारत सरकार द्वारा की गई अपेक्षा के अनुक्रम में थर्ड पार्टी सर्वेक्षण के आंकड़े सार्वजनिक कर आपत्ति आमंत्रित कर आपत्तियों का निस्तारण कर कृत कार्यवाही की आख्या इस कार्यालय को 15.12.2019 तक उपलब्ध कराने एवं नियमित रूप से मोबिलाइजेशन अभियान का संचालन कराने व अभिलेखीकरण आदि के सम्बन्ध में समुचित कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

संलग्नक–यथोपरि।

(उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक

<u>प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित</u> –

1. प्रमुख सचिव नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग उ0प्र0 शासन को महोदय को अवगतार्थ।
2. निदेशक नगरीय निकाय निदेशालय उ0प्र0 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया अपने स्तर से भी नगरीय निकायों को निर्देशित करने का कष्ट करें।
3. समस्त नगर आयुक्त, नगर निगम, उ0प्र0।
4. समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद / नगर पंचायत उ0प्र0।
5. समस्त परियोजना अधिकारी, डूडा, उ0प्र0 को अनुपालनार्थ।
6. समस्त शेल्टर होम संचालक संस्थाओं को नियमित मोबिलाइजेशन अभियान संचालन हेतु।
7. सहायक वेबमास्टर सूडा को पत्र के साथ थर्ड पार्टी सर्वेक्षण के आंकड़ें सूडा वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

(उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक